प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शुक्रवार** **दिनांक 22.05.2026**

**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**

**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**

**मुख्य समाचारः—**

1—प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश के सैंतालीस स्थानों पर रोजगार मेले के तहत इंक्यावन हजार से अधिक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे।

2—सुशासन तिहार के तहत मुख्यमंत्री ने आज बलौदाबाजार—भाटापारा जिले के करहीबाजार गांव में लगाई चौपाल—कई घोषणाएं कीं।

3—उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि आने वाले समय में आपातकालीन सेवा डायल—एक सौ बारह को ड्रोन सुविधा से भी जोड़ा जाएगा।

4—दुर्ग के आर्यनगर में एक मकान से पति—पत्नी और उनके दो बच्चों के शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिले हैं।

## प्रधानमंत्री—रोजगार मेला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल तेईस मई को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश के सैंतालीस स्थानों पर रोजगार मेले के तहत इंक्यावन हजार से अधिक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। श्री मोदी इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे।

इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। रोजगार मेले में दो सौ संतावन युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। इनमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अलावा डाक विभाग, वित्तीय सेवा विभाग, स्वास्थ्य सेवा विभाग और हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड में चयनित अभ्यर्थी शामिल हैं।

## वरिष्ठ नागरिक मोबाइल ऐप

देश में आज वरिष्ठ नागरिकों के लिये **जीवन मोबाइल एप्लिकेशन** शुरू किया गया। केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉक्टर वीरेंद्र कुमार ने नई दिल्ली में इस ऐप का शुभारंभ किया। जीवन ऐप सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी, आपातकालीन सहायता और वरिष्ठ नागरिक आवास की जानकारी उपलब्ध कराता है।

## मुख्यमंत्री–सुशासन तिहार

सुशासन तिहार के तहत आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बलौदा बाजार–भाटापारा जिले के ग्राम करहीबाज़ार पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नलजल योजना के तहत निर्माणाधीन सोखता में श्रमदान किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने पीएम आवास योजना के हितग्राही परिवार से मुलाकात की। वहीं आयुष्मान आरोग्य मंदिर पहुंचकर मुख्यमंत्री ने धात्री माताओं को किट भी प्रदान की। इस अवसर मुख्यमंत्री ने स्कूलों के उन्नयन, सीसी रोड और मांगलिक भवन बनाने सहित विभिन्न घोषणाएं की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य योजनाओं का लाभ सुव्यवस्थित रूप से जन–जन तक पहुंचाना है।

इससे पहले, मुख्यमंत्री ने कल सुशासन तिहार के दौरान चिरमिरी में अधिकारियों की बैठक में पेयजल समस्या और स्कूल परीक्षा परिणामों को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने कोरिया जिले में खाद वितरण में गड़बड़ी सामने आने पर सहायक आयुक्त और सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं आयुष प्रताप सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए।

इस बीच, कोरिया जिले की जिल्दा समिति, खड़गंवा में खाद वितरण से जुड़े गबन प्रकरण में दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई में लापरवाही पाए जाने पर प्रभारी शााखा प्रबंधक और नोडल अधिकारी को भी निलंबित कर दिया गया है।

## बीजापुर–आकांक्षी ब्लॉक स्थान

नीति आयोग द्वारा जारी देश के आकांक्षी ब्लॉकों की **''चौंपियंस ऑफ द क्वार्टर''** रिपोर्ट में बीजापुर जिले के उसूर ब्लॉक ने सेंट्रल जोन में देशभर में दूसरा स्थान हासिल किया है। आयोग ने स्वास्थ्य और सामाजिक विकास से जुड़े कई संकेतकों के आधार पर मूल्यांकन किया था, जिसमें उसूर ब्लॉक का प्रदर्शन उत्कृष्ट पाया गया।

## डॉयल 112

प्रदेश के कई जिलों में बीते दिनों **"डायल–एक सौ बारह फेस–टू नेक्स्ट जनरेशन"** सेवा का शुभारंभ किया गया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रायपुर पुलिस परेड ग्राउंड में इस सेवा का शुभारंभ करते हुए चौव्वन नये इमरजेंसी रिस्पॉन्स वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री शर्मा ने आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत करते हुए कहा कि आने वाले समय में डायल–एक सौ बारह सेवा को ड्रोन सुविधा से भी जोड़ा जाएगा।

## खनन सूचना केंद्र

राज्य सरकार ने खनन गतिविधियों में पारदर्षिता और षिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिष्चित करने के लिए **"खनन सूचना केंद्र"** की स्थापना की है। इस पहल के तहत टोल फ्री नंबर **एक आठ शून्य शून्य–दो तीन तीन–दो एक चार शून्य** (1800–233–2140) जारी किया गया है। इस नंबर पर आम नागरिक अवैध खनन, अवैध परिवहन और खनिज संबंधी अनियमितताओं की षिकायत सीधे दर्ज करा सकेंगे। सूचना केंद्र का संचालन प्रतिदिन सुबह दस बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक किया जाएगा।

## बातों–बातों–में

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश के समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' के तहत इस बार **बस्तर संभाग में नक्सलवाद की समाप्ति के बाद स्थानीय लोगों तक विकास की रोशनी पहुंचाने**

**के लिए सरकार द्वारा की गई अभिनव पहल पर छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा से** ली गई विशेष भेंटवार्ता का प्रसारण किया जाएगा। इसका प्रसारण कल तेईस मई को आकाशवाणी केन्द्र रायपुर द्वारा एफ.एम. और प्राईमरी चैनल पर सुबह नौ बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

## डाक परिमंडल–विशेष अभियान

छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल द्वारा प्रदेश के सभी डाकघरों में आगामी पच्चीस और छब्बीस मई को अल्प बचत खाता खोलने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान कोई भी नागरिक अपने नजदीकी डाकघर जाकर या राज्य सरकार द्वारा नियुक्त अधिकृत एजेंटों के माध्यम से अल्प बचत योजनाओं जैसे – मासिक आय योजना, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना, सुकन्या समृद्धि योजना आदि में निवेश कर सकेंगे।

## आकार–प्रशिक्षण शिविर

छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग द्वारा पारंपरिक शिल्प कलाओं के संरक्षण, प्रचार–प्रसार और रूचि जागृत करने के उद्देश्य से विविध कला प्रशिक्षण शिविर **"आकार–दो हजार छब्बीस"** का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन पच्चीस मई से नौ जून तक रायपुर स्थित महंत घासीदास संग्रहालय परिसर में किया जाएगा। शिविर में दो पाली में सुबह सात बजे से दस बजे तक तथा शाम पांच से आठ बजे तक विविध कलाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## वॉकथन

आकाशवाणी के नब्बे वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आकाशवाणी अंबिकापुर द्वारा कल सुबह वॉकथन का आयोजन किया जाएगा। इस वॉकथन में आकाशवाणी के अधिकारी–कर्मचारी, श्रोता और शहर के नागरिक शामिल होंगे। वॉकथन की शुरुआत सुबह छह बजे आकाशवाणी भवन अंबिकापुर से होगी। यह वॉकथन चन्द्रशेखर आजाद चौक, घड़ी चौक, पुराना बस स्टैंड और गांधी चौक होते हुए वापस आकाशवाणी परिसर में संपन्न होगा।
यह आयोजन ऑल इंडिया रेडियो की नब्बे वर्षों की गौरवशाली यात्रा की स्मृति में किया जा रहा है।

## संगीत विश्वविद्यालय–नाम

खैरागढ़–छुईखदान–गंडई जिले में स्थित इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय का नाम अब बदलकर "राजकुमारी इंदिरा सिंह कला संगीत विश्वविद्यालय" किया जाएगा। राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने विश्वविद्यालय के नाम परिवर्तन प्रस्ताव को औपचारिक स्वीकृति प्रदान कर दी है।

## दुर्ग–मौत

दुर्ग के मोहन नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत आर्यनगर में एक मकान से पति–पत्नी और उनके दो बच्चों के शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिले हैं। शुरुआती जांच में पुलिस ने आशंका जताई है कि दंपती ने पहले दोनों बच्चों की हत्या की। इसके बाद खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मौके से सुसाइड नोट बरामद किया है, जिसमें आर्थिक तंगी और परिवारिक विवाद का जिक्र है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मौसम का हाल....

राजधानी रायपुर समेत मध्य छत्तीसगढ़ के कई जिलों में तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया जा रहा है। मौसम विभाग ने रायपुर सहित बिलासपुर, रायगढ़, धमतरी, दुर्ग, कबीरधाम के अलावा प्रदेश के चौदह जिलों के कुछ स्थानों में ग्रीष्मलहर चलने की चेतावनी दी है। मौसम विभाग के अनुसार राजस्थान से आ रही गर्म हवाओं

के कारण अगले तीन दिनों में प्रदेश के अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस के आसपास वृद्धि होने की संभावना है। प्रदेश का अधिकतम तापमान पैंतालीस डिग्री सेल्सियस रायपुर के माना में दर्ज किया गया।

**<u>समाचार संक्षेप में ...</u>**

–वन मंत्री केदार कश्यप ने आज नया रायपुर स्थित नंदनवन जू और जंगल सफारी में अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक वाहनों और नई बोटिंग सेवाओं का शुभारंभ किया।

–राजधानी रायपुर में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस ने अंतरराज्यीय गांजा तस्कर और हिस्ट्रीशीटर रवि साहू की सात करोड़ छियासठ लाख रुपये कीमत की सोलह संपत्तियों को सीज कर दिया है।

–कांकेर जिले के कोयलीबेड़ा क्षेत्र में तेंदूपत्ता से भरे एक ट्रक में अचानक आग लगने से जलकर खाक हो गई।

–छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी मुख्य–अवसर परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों से पच्चीस मई से तीस जून तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

–महासमुन्द जिले से लगे बारनवापारा परियोजना मंडल के रवान रेंज में वन्यप्राणी गौर के हमले में एक ग्रामीण की मौत हो गई है, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि ये ग्रामीण जंगल के अलग–अलग क्षेत्रों से तेंदूपत्ता संग्रहण कर रहे थे।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>